बरेली, बुधवार
27 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Dr. Asha Gupta
Central Library

PAGE NO.07, TOP

केंद्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित कुमार बने मैन आफ द मैच, किया सम्मानित

केंद्रीय विद्यालय का जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

जासं, बरेली: श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्कूल के बीच नाकआउट मैच हुआ। जिसमें केंद्रीय विद्यालय की टीम ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच जेपीएम स्कूल और इस्लामिया इंटर कालेज के बीच होना था, लेकिन इस्लामिया इंटर कालेज की टीम समय पर नहीं पहुंची जिस कारण जेपीएम स्कूल को विजेता घोषित किया गया। केंद्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने मैन आफ द मैच की ट्राफी दी।

एसआरएमएस सीईटी में श्रीराममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय और सेंट फ्रांसिस स्कूल के बीच हुए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर केंद्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित को मैन आफ द मैच की ट्राफी देते टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ● सौ.एसआरएमएस

टूर्नामेंट में आज: टूर्नामेंट सेक्रेटरी सोवन मोहंती ने बताया कि 27 अक्टूबर को दो नाकआउट मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल व महामाया स्कूल के बीच होगा। दूसरा मुकाबला एसआर इंटरनेशनल स्कूल और विद्या भवन पब्लिक स्कूल के बीच होगा।